भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1317

07 मार्च,2008 को उत्तर के लिए

बड़े शहरों के आस-पास नए कस्बे बनाना

1317.श्री एम0पी0 वीरेन्द्र कुमारः

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने रियल इस्टेट के बढ़ते मूल्यों को रोकने तथा बड़े शहरों में जनसंख्या के भार को कम करने के लिए बड़े शहरों के आस-पास नये कस्बे बनाने के लिए कोई नीति बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

(क)तथा(ख):- जी नहीं, तथापि ऐसे नीतिगत निर्णय राज्य सरकारों द्वारा लिए जाते हैं क्योंकि शहरी स्थानीय निकाय राज्य का विषय है ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1319

07 मार्च,2008 को उत्तर के लिए

आरक्षित श्रेणियों में फ्लैटों का बैकलॉग

1319.श्री परसुराम माझी:
श्री लाल मणि प्रसाद:

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आरक्षित लोगों के लिए फ्लैट/प्लाटों का काफी बैकलॉग है;

(ख) यदि हां, तो इसे पूरा करने के लिए की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इन मुद्दों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा शारीरिक रुप से विकलांग व्यक्तियों के अखिल भारतीय परिसंघ से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ड.) यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

(क):- दिल्ली विकास प्राधिकरण ने सूचित किया है कि किसी भी आवास स्कीम के अंतर्गत आरक्षित श्रेणियों के संबंध में फ्लैटों के आबंटन हेतु कोई बकाया संख्या नहीं है । इसके अतिरिक्त रोहिणी आवासीय स्कीम, 1981 के तहत 150 भूतपूर्व सैनिकों के मामले को छोड़कर आरक्षित श्रेणियों को प्लाटों के आबंटन में कोई बकाया संख्या नहीं है ।

(ख)तथा(ग):- रोहिणी आवासीय स्कीम, 1981 के तहत 150 भूतपूर्व सैनिकों के मामले में प्लाटों का आबंटन प्लाटों की उपलब्धता और 1% आरक्षित कोटा के अनुसार उनकी बारी आने पर निर्भर करता है ।

(घ):- जी हाँ ।

(ड.):- संगठन को 8.5.2007 को उत्तर भेजा गया था ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1323

07 मार्च,2008 को उत्तर के लिए

रियल इस्टेट के लिए विनियमन

1323.श्री एस0के0 खारवेनथन:
श्री रमेश दूबे:
श्री सर्वे सत्यनारायण:

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रियल इस्टेट की कीमतों पर नियंत्रण करने के लिए रियल इस्टेट मेनेजमेंट (रेग्यूलेशन एण्ड कंट्रोल) बिल का मसौदा तैयार किया है;

(ख) यदि हां, तो इसकी मुख्य विशेषताएं क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) इस विधेयक को कब तक लाये जाने की संभावना है?

उत्तर
शहरी विकास मंत्री
(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

(क)से(घ):- भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची की प्रविष्टि 5 के अनुसार ''स्थानीय सरकार'' राज्यों का विषय है । गैर-सरकारी डिवेलपरों और बिल्डरों का विनियमन राज्य सरकारों, शहरी स्थानीय निकायों/विकास प्राधिकरणों के अधिकार क्षेत्र में आता है, जो राज्य नगर और ग्राम नियोजन/नगर विकास प्राधिकरण अधिनियमों के उपबंधों के अंतर्गत उनकी गतिविधियों को नियंत्रित करते हैं । तथापि, सरकार स्थावर सम्पदा प्रबंधन (विनियमन और नियंत्रण) विधेयक तैयार करने पर विचार कर रही है जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए लागू होगा तथा अन्य राज्यों के लिए भी माडल कानून के रुप में कार्य कर सकता है । इस समय इस विधेयक का प्रारुप तैयार किया जा रहा है ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1340

07 मार्च,2008 को उत्तर के लिए

अक्षरधाम मंदिर के निकट खेलगांव परिसर में फ्लैटों का निर्माण

1340.डा0 टोकचोम मैन्याः
श्री रशीद मसूदः

*क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः*

(क) दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के निकट खेलगांव हाउसिंग कम्पलेक्स में कितने फ्लैटों का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है;

(ख) इन अपार्टमेंटों के निर्माण में शामिल एजेंसियों के क्या नाम हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार खेलों के बाद फ्लैटों को बेचने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इन अपार्टमेंटों के मूल्य को निर्धारित करने हेतु क्या मानदण्ड अपनाए गए हैं?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

(क) 1168

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मैसर्स एमार एम जी एफ कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लि0 को इस परियोजना हेतु विकासकर्त्ता चुना है ।

(ग) और (घ) दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सूचित किया है कि दो तिहाई फ्लैटों का निपटान विकास कर्त्ता द्वारा किया जाएगा तथा बचे हुए एक तिहाई फ्लैटों का निपटान राष्ट्रमंडल खेल 2010 के बाद डीडीए द्वारा किया जाएगा जिसके लिए मूल्य निर्धारण के मानदण्ड अभी तक निश्चित नहीं किए गए हैं ।

****

मूल-हिन्दी

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1349

07 मार्च,2008 को उत्तर के लिए

के0लो0नि0वि0 द्वारा त्रैमासिक व्यय

1349.श्री मनसुखभाई डी0 वसावाः
श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटीलः

*क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः*

(क) विगत दो वर्षों के दौरान त्रैमासिक आधार पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा खर्च की गई राशि और उक्त अवधि के दौरान विभाग द्वारा अर्जित आय का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वित्त मंत्रालय द्वारा आपत्ति उठाए जाने के बावजूद के0लो0नि0वि0 अपनी निधियों का बड़ा भाग वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में ही खर्च करता है;

(ग) उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) इस संबंध में सरकार को कितनी सफलता मिली है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

(क):- विगत दो वर्षों के दौरान त्रैमासिक व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है :

आंकड़े करोड़ में

त्रिमाही	2005-06	2006-07
1.	332.46	344.96
2.	343.29	329.04
3.	304.04	334.55
4.	331.81	381.18

उक्त दो वर्षों के लिए आय का ब्यौरा इस प्रकार है :

वर्ष 2005-06 90.67 करोड़ रूपये

वर्ष 2006-07 101.47 करोड़ रूपये

(ख):- केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा व्यय समान रूप से वितरित किया गया है जैसा कि उपरोक्त (क) में *उल्लिखित त्रैमासिक रुझानों से* देखा जा सकता है ।

(ग) और (घ):- उपरोक्त (क) और (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1357

07 मार्च,2008 को उत्तर के लिए

पेयजल आपूर्ति के लिए केन्द्रीय सहायता

1357.श्री दुष्यंत सिंहः

*क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः*

(क) क्या राजस्थान सरकार ने राज्य में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ बनाने के लिए और अधिक केन्द्रीय सहायता की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ केन्द्र सरकार ने कितनी राशि स्वीकृत की है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

(क) और (ख):- जी, हां । शहरी विकास मंत्रालय ने, छोटे एवं मझोले कस्बों के लिए शहरी अवस्थापना विकास स्कीम (यूआईडीएसएसएमटी) के अन्तर्गत राजस्थान के उदयपुर कस्बें में एक जल आपूर्ति परियोजना के लिए केन्द्रीय सहायता की प्रथम किस्त के रूप में 22.38 करोड़ रू0 की धनराशि जारी की है ।

शहरी विकास मंत्रालय *द्वारा* जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अन्तर्गत राजस्थान के अजमेर और पुष्कर के लिए 284.11 करोड़ रू0 की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के साथ 355.15 करोड़ रू0 की अनुमोदित लागत वाली दो जल आपूर्ति की परियोजनाएं मंजूर की गई हैं । 75.49 करोड़ रू0 की राशि अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में राजस्थान सरकार को दी जा चुकी है ।

****

मूल-हिन्दी

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1367

07 मार्च,2008 को उत्तर के लिए

शैक्षणिक संस्थानों को आबंटित भूमि

1367.श्री रामदास आठवलेः

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गत तीन वर्षों के दौरान बहुत से शैक्षणिक संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों ने भूमि आबंटन हेतु भूमि विकास कार्यालय में आवेदन किया है/प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;

(ख) यदि हां, तो इन प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे शैक्षणिक संस्थानों को भूमि आबंटन कर दी हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी विद्यालय-वार तथा स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

(क):- जी हाँ ।

(ख):- भूमि की कमी और विभिन्न सरकारी विभागों/स्थानीय निकायों और राजनीतिक दलों से भूमि के आवंटन हेतु प्राप्त प्रस्तावों के काफी संख्या में लंबित रहने के कारण, इन अनुरोधों पर आबंटन हेतु विचार नहीं किया गया है ।

(ग):- जी नहीं ।

(घ):- उपर्युक्त(ग) के आलोक में प्रश्न नहीं उठता ।

****

मूल-हिन्दी

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2750

31 अगस्त, 2007 को उत्तर के लिए

सी0पी0डब्ल्यू0डी0 के लिए विदेशों से कार्य आदेश

2750. श्री एस0के0 खारवेनथनः

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सी0पी0डब्ल्यू0डी0 को विदेशों से कार्य आदेश प्राप्त करने का अधिदेश है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सी0पी0डब्ल्यू0डी0 विदेश में कार्य करने के लिए साधन सम्पन्न है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क):- जी, नहीं ।

(ख),(ग)और(घ):- उपर्युक्त ''क'' के आलोक में प्रश्न नहीं उठता ।

****

मूल-हिन्दी

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2751

31 अगस्त, 2007 को उत्तर के लिए

सी0पी0डब्ल्यू0डी0 में पदों में कमी

2751. श्री रघुबीर सिंह कौशलः

*क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:*

(क) क्या रिक्त पदों को भरने में 10 प्रतिशत कटौती संबंधी आदेश सी0पी0डब्ल्यू0डी0 में लागू हो गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन आदेशों की वजह से कार्य की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

***(क):-** रिक्त पदों को भरने में 10% कटौती संबंधी कोई आदेश नहीं है ।*

***(ख)से(घ):-** प्रश्न नहीं उठता ।*

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं0 209

29 नवम्बर, 2007 को उत्तर के लिए

यमुना के तट पर खेल-सुविधा

209. श्री संतोष बागड़ोदिया:
सुश्री मैबल रिबैलो:

*क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:*

(क) क्या सरकार को यमुना नदी के तट पर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल परिसर की स्थापना को लेकर पर्यावरण समूहों के विरोध की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन आपत्तियों का मूल्यांकन करने के लिए ऐसे समूहों, स्थानीय सरकार, इसकी एजेंसियों और विशेषज्ञ दलों की सेवाए लेने के लिए कोई पहल की है;

(ग) क्या सरकार को इन पर्यावरण समूहों द्वारा जताई गई आशंका जायज लगी है, यदि हां, तो इनका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार प्रस्तावित खेल-सुविधा का स्थान बदलकर किसी वैकल्पिक स्थल पर करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस0 जयपाल रेड्डी)

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2782

17 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

प्लाटों/फ्लैटों के आवंटन के लिए डीडीए की योजनाएं

2782. **श्री वरिन्दर सिंह बाजवाः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा प्लाटों/फ्लैटों के आवंटन के लिए दस वर्ष से अधिक समय पहले शुरु की गई उन योजनाओं के नाम क्या है जो अब तक पूर्ण नहीं हुई है;

(ख) प्रत्येक योजना की वर्तमान स्थिति क्या है, कितने व्यक्ति पंजीकृत किए गए हैं, किन-किन व्यक्तियों को अब तक आवंटन मिल गया है और कौन-कौन अभी भी प्रतीक्षा में है;

(ग) इन योजनाओं की धीमी प्रगति के क्या कारण है; और

(घ) इसमें से प्रत्येक योजना के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क):- दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने यह सूचित किया है कि भूखण्डों/ फ्लैटों के आवंटन के लिए उसके द्वारा शुरु की गई स्कीमों में से, पंजीकृत व्यक्तियों को एमआईजी/एलआईजी और ईडब्ल्यूएस/जनता भूखण्डों के आवंटन हेतु शुरु की गई रोहिणी रिहायशी स्कीम, 1981 ही एकमात्र ऐसी स्कीम है, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है ।

(ख):- रोहिणी रिहायशी स्कीम, 1981 की वर्तमान स्थिति इस प्रकार हैः-

श्रेणी	पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या	किए गए आवंटन	वापस किए गए/रद्द किए गए	पिछला बकाया
एमआईजी	25,889	16,545	1208	8136
एलआईजी	38,105	24676	663	12766
जनता	18,390	13,948	38	4404
कुल	82384	55,169	1909	25306

(ग):- शेष पंजीकृत व्यक्तियों को आवंटन, भूमि के अधिग्रहण/उपलब्धता तथा उसमें अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर निर्भर करता है ।

(घ):- उपर्युक्त (ग) के उत्तर के आलोक में कोई निश्चित समय-सीमा नहीं बतायी जा सकती है ।

* * * * * * * * * *

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2783

17 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीरकण मिशन के अंतर्गत महाराष्ट्र के लिए प्रस्ताव

2783. श्री गिरीश कुमार सांगी:
श्रीमती सुप्रिया सुले:

*क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:*

(क) क्या महाराष्ट्र अब जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अंतर्गत अग्रणी राज्य है जहां 6,393 करोड़ रुपये की लागत से 47 परियोजनाएं स्वीकृत की गई है;

(ख) क्या महाराष्ट्र राज्य सरकार को गुजरात और आन्ध्र प्रदेश के लिए स्वीकृत की गई परियोजनाओं से अधिक परियोजनाएं मिली है;

(ग) क्या महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 23,000 करोड़ रुपये की लागत के 106 प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं और केन्द्र ने इनमें से केवल 47 स्वीकृत किए हैं;

(घ) सभी 106 प्रस्तावों को स्वीकृत न किए जाने के मुख्य कारण क्या है;

(ड.) आन्ध्र प्रदेश और अन्य राज्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए परियोजना-प्रस्ताव कौन-कौन से हैं; और

(च) इन सभी प्रस्तावों को कब तक स्वीकृति प्रदान किए जाने की संभावना है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) तथा (ख) जी हां । महाराष्ट्र अब जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अन्तर्गत अग्रणी राज्यों में से एक है जिसमें 7732.45 करोड़ रुपए की लागत की 56 परियोजनाएं अनुमोदित की जा रही हैं । गुजरात और आन्ध्र प्रदेश के लिए क्रमशः 55 और 39 परियोजनाएं मंजूर की गई है ।

***(ग) तथा(घ):-** महाराष्ट्र सरकार ने 36379.27 करोड़ रुपए लागत के 141 परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं । जेएनएनयूआरएम दिशानिर्देशों के अनुरुप पाई गई विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) पर केन्द्रीय मंजूरी और निगरानी समिति सीएसएमसी) द्वारा अनुमोदन के लिए विचार किया जाता है । महाराष्ट्र के लिए कुल 7732.45 करोड़ रुपए की अनुमादित लागत पर 56 विस्तृत परियोजना रिपोर्टें मंजूर की गई हैं ।*

***(ड.) तथा च):-** अब तक आन्ध्र प्रदेश सहित अन्य राज्यों से प्राप्त 713 विस्तृत परियोजना रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं । उपर्युक्त 713 विस्तृत परियोजना रिपोर्टों में से जेएनएनयूआरएम दिशानिर्देशों के अनुरुप पाई गई 324 परियोजना प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं । 2011-12 में समाप्त होने वाली मिशन अवधि की शेष अवधि के दौरान विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के अनुमोदन के लिए उनका जेएनएनयूआरएम दिशानिर्देशों के अनुरुप होना अपेक्षित है ।*

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2784

17 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

दुकानों और वाणिज्यिक सम्पत्तियों की सील खोला जाना

2784. श्री धर्म पाल सभ्रवाल:

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वह सच है कि निगरानी समिति के अनावश्यक हस्तक्षेप के कारण दिल्ली में दुकानों और वाणिज्यिक सम्पत्तियों की सील खोले जाने की प्रक्रिया बहुत धीमी है;

(ख) क्या यह भी सच है कि सील खोलना प्रशासनिक मामला है, सम्पत्तियों की सील खोलने की शक्तियां एमसीडी के पास हैं; और

(ग) यदि हां, तो दिल्ली में सील खोलने की प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए एमसीडी को सील-खोलने की शक्तियों का हस्तांतरण करने के लिए क्या-क्या कानूनी कदम उठाये जा रहे हैं?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) से (ग):- भारत के उच्चतम न्यायालय ने " एमसी मेहता बनाम भारत संघ एवं अन्य " के मामले में दिनांक 3.4.2006 के आदेश के तहत ऐसे रिहायशी परिसरों को सील करने का निदेश दिया है जिन्होंने भू-उपयोग के निबंधनों का उल्लंघन अर्थात वाणिज्यिक स्थापनाओं हेतु रिहायशी परिसरों का दुरुपयोग किया है । अपने आदेशों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए उच्चतम न्यायालय ने एक निगरानी समिति गठित की । उच्चतम न्यायालय के निर्देशों निबंधनों के अनुसार, दुरुपयोग के कारण सील किए गए परिसरों की सील हटाने का कार्य निगरानी समिति की विधिवत मंजूरी से किया जाएगा । उपर्युक्त आदेश के अनुपालन में दिल्ली नगर निगम, निगरानी समिति के यथोचित अनुमोदन से परिसरों की सील हटाती रही है । दिल्ली नगर निगम ने सूचित किया है कि कुछ समय तक सील हटाने का कार्य धीमा रहा , क्योंकि कुछ मुद्दे ऐसे थे जिनपर निगरानी समिति दिल्ली नगर निगम के अभिमतों से सहमत नहीं थी ।

* * * * * * * * * *

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2785

17 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

गलत ढंग से सील की गई सम्पत्तियों की सील खोला जाना

2785. श्री धर्म पाल सभ्रवालः

*क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः*

(क) क्या यह सच है कि विगत छह महीनों के दौरान दक्षिणी दिल्ली में अनेक परिसरों को गलत ढंग से सील किया गया है;

(ख) यदि हां, तो गलत ढंग से सील किए गए ऐसे परिसरों का पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे परिसरों की प्राथमिकता आधार पर सील खोलने के लिए प्राधिकारियों ने क्या कदम उठाये हैं; और

(घ) दस्तावेजों का सत्यापन किए बिना परिसरों को सील करने के लिए चूककर्ता पदाधिकारियों के विरुद्ध सरकार क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क)तथा(ख):- *दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली नगर निगम ने यह सूचना दी है कि विगत 6 महीनों के दौरान दक्षिणी दिल्ली में परिसरों को गलत ढंग से सील नहीं किया है । सीलिंग अभियान की निगरानी माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति द्वारा की जा रही है ।*

(ग)और(घ):- *उपर्युक्त (क) और (ख) के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता ।*

****

भारत सरकार
शहरी विकास मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 2786
17 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में कार्यपालक इंजीनियर

2786. श्री प्यारे लाल खंडेलवालः

क्या **शहरी विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि कार्यपालक इंजीनियर के ग्रेड में तदर्थ आधार पर नियुक्त किए गए कुछ लोग कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के अनुमोदन के बगैर एक वर्ष से ज्यादा की अवधि के लिए इसी पद पर सेवा कर रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस विभाग के विरुद्ध क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है?

उत्तर
शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अजय माकन)

(क):- जी, हाँ ।

(ख):- विभाग ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से तदर्थ नियुक्ति की अवधि को एक वर्ष से अधिक करने हेतु स्वीकृति मांगी है ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 4731

25 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

कार्बन उत्सर्जन में कमी

4731.श्री जे0एम0 आरुन रशीदः

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को मुंबई में बी0एम0सी0 द्वारा कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी करने तथा सुधार करने के उद्देश्य से कूड़ा डालने के स्थल को बंद कर दिए जाने की जानकारी है जैसा कि दिनांक 11 दिसम्बर, 2007 के ''इंडियन एक्सप्रैस'' (दिल्ली) में समाचार प्रकाशित हुआ है;

(ख) यदि हां, तो क्या इससे कार्बन क्रेडिट अर्जित करने के माध्यम से बी0एम0सी0 को राजस्व अर्जन की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार अन्य महानगरीय शहरों तथा जिला स्तर के बड़े शहरों में व्यवहार्यता अध्ययन करने का है; और

(घ) यदि हां, तो इस प्रकार का अध्ययन कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क)और(ख):- जी, हाँ ।

(ख)और(घ):- कार्बन क्रेडिट का लाभ उठाने से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने सहित नगर पालिका ठोस कूड़े के प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं की योजना बनाने, उनका डिजाईन तैयार करने, उनका कार्यान्वयन करने, उनका संचालन करने तथा उनका रखरखाव करने का कार्य राज्य सरकारों/स्थानीय निकायों का है । सभी महानगरों और जिला स्तरीय कस्बों में कार्बन उत्सर्जन को रोकने के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन करवाने का शहरी विकास मंत्रालय का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 4733

25 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

स्टॉफ के लिए सरकारी आवास

4733. डा0 के0 धनराजू:

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में केन्द्र सरकार के अनेक कर्मचारी अभी भी सरकारी आवास पाने हेतु प्रतीक्षा सूची में है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा विशेष रुप से दिल्ली में कर्मचारियों को सुविधा देने हेतु हर श्रेणी के सरकारी क्वार्टरों की संख्या को बढ़ाने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क):- जी हाँ, दिल्ली में टाइप-ए श्रेणी के आवास को छोड़कर ।

(ख):- सरकारी कर्मचारियों के लिए मकानों का निर्माण करना एक सतत प्रक्रिया है, जो विभिन्न स्थलों पर इनकी आवश्यकता तथा बजट की उपलब्धता पर निर्भर करता है । इस समय निर्माणाधीन विभिन्न प्रकार के मकानों का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है ।

****

अनुलग्नक

निर्माणाधीन मकानों का ब्यौरा

क्र0 सं0	स्टेशन	क्वार्टरों की संख्या I	II	III	IV	V	VI	VII	VIII	क्वार्टरों की कुल सं0
1	सिलिगुड़ी		22	23	14					59
2	शिमला		12	06						18
3	मुम्बई				176					176
4	गुवाहाटी		08	08	08					24
5	दिल्ली		300				376	104	19	799
6	कालीकट		14	14	14	14	02			58
	कुल		**356**	**51**	**212**	**14**	**378**	**104**	**19**	**1134**

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 4735

25 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

सरकारी आवासों के संबंध में स्वामित्व

4735.श्री संतोष गंगवारः

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा किराए पर/लाइसेंस शुल्क आधार पर आवंटित फ्लैटों के संबंध में स्वामित्व का कोई प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क):- सरकार द्वारा किराए पर/लाइसेंस शुल्क आधार पर आबंटित फ्लैटों के संबंध में स्वामित्व का कोई प्रस्ताव सरकार के पास नहीं है ।

(ख)और(घ):- उपरोक्त(क) के आलोक में प्रश्न नहीं उठता ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 4747

25 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

दिल्ली में जलापूर्ति की कमी

4747.श्री नकुलदास राईः

*क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः*

(क) क्या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के बीच मतभेदों के कारण दिल्ली की कुछ कालोनियों में जलापूर्ति में भारी कमी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को आराम बाग क्षेत्र सहित सरकारी आवास कल्याण संघों से इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई हैं; और

(घ) यदि हां, तो इस पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) से (घ) :- दिल्ली जल बोर्ड ने बताया है कि दिल्ली में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सी.पी.डब्ल्यू.डी.) के फ्लैटों, जिनमें आरामबाग क्षेत्र भी शामिल है, को दिल्ली जल बोर्ड द्वारा बल्क पानी के कनेक्शन दिए गए हैं । परिसर के अंदर पानी के आंतरिक वितरण का प्रबंधन के.लो.नि.वि. द्वारा किया जाता है । दिल्ली जल बोर्ड से पानी की कमी होने पर कई बार के.लो.नि.वि. परिसरों में पानी की कमी हो जाती है ।

दिल्ली जल बोर्ड ने यह सूचित किया है कि जहाँ तक आरामबाग क्षेत्र का संबंध है, पानी चन्द्रावल जल शोधन संयंत्र से आता है । लगभग $11/_2$ माह के दौरान वजीराबाद जलाशय में पानी का स्तर नीचे था जिसके कारण चन्द्रावल जल शोधन संयंत्र पर उत्पादन कम था अत: चन्द्रावल जल शोधन संयंत्र के संपूर्ण कमांड क्षेत्र में पीने के पानी की कमी थी । तथापि अब स्थिति लगभग सामान्य हो गई है ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 4752

25 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

लुटियन बंगला जोन में कमी

4752.श्री नवीन जिन्दलः

क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली शहरी कला आयोग और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने लुटियन बंगला जोन (एलबीजेड) के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कमी करने की सिफारिश की है, जैसा कि दिनांक 18 फरवरी, 2008 के "द इंडियन एक्सप्रेस" में समाचार प्रकाशित हुआ है;

(ख) यदि हां, तो सिफारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन सिफारिशों को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क)से(ग):- दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सूचित किया है कि जोन "डी" के भीतर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के क्षेत्राधिकार के तहत आने वाले क्षेत्र के संबंध में उसे एनडीएमसी और दिल्ली नगर कला आयोग (डीयूएसी) द्वारा तैयार प्रारुप जोनल विकास योजना 2021 प्राप्त हो गई है जिस पर विकास (मास्टर प्लान तथा जोनल विकास योजना) नियम, 1959 के साथ पठित दिल्ली विकास अधिनियम 1957 के अंतर्गत अपेक्षित कार्यवाही की जानी है । ल्यूटियन बंगला जोन (एलबीजैड) जोन डी में स्थित है और एनडीएमसी के प्रारुप में अन्य बातों के साथ-साथ ल्यूटियन बंगला जोन (एलबीजैड) के मौजूदा कुल क्षेत्र में कटौती का सुझाव दिया गया है । डीयूएसी ने अन्य बातों के साथ-साथ यह सिफारिश की है कि ल्यूटियन बंगला जोन (एलबीजैड) की संकल्पना के स्थान पर ल्यूटियन कंजरवेसन जोन (एनसीजैड) की संकलपना को रखा जाए जिसमें अपेक्षाकृत बड़ा क्षेत्र शामिल है । जोनल योजना को अंतिम रुप देने में प्रारुप योजना का प्रकाशन, जनता के सुझाव/आपत्तियां आमंत्रित करना, प्राधिकरण द्वारा विचार करना और केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदन सहित विस्तृत प्रक्रिया निहित है ।

****

मूल-हिन्दी

भारत सरकार
शहरी विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 4756
25 अप्रैल, 2008 को उत्तर के लिए

भू-जल सतर में गिरावट

4756.श्री हेमलाल मुर्मू:

*क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:*

(क) क्या सरकार का ध्यान गिरते भू-जल के स्तर के संबंध में दिनांक 11 मार्च, 2008 के ''दैनिक जागरण'' में ''पानी पाने के प्रयासों को ब्रेक'' शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर आकर्षित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या प्रभावी कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अजय माकन)

***(क):-** जी, हाँ ।*

***(ख)और(ग):-** दिल्ली का नांगलोई जल शोधन संयंत्र वर्ष 1998 में बनकर तैयार हुआ । संयंत्र को चलाने के लिए दिल्ली के पास कच्चा जल उपलब्ध नहीं था । माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 10 मई, 2000 को आदेश दिया कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) नांगल में 125 क्यूसेक अतिरिक्त जलापूर्ति करेगा । केन्द्रीय जल आयोग द्वारा निरीक्षण और पुनरीक्षण करने के बाद लिए गये निर्णय के अनुसार इसे दिनांक 27-5-2000 को कम करके 60 क्यूसेक कर दिया ।*

केन्द्रीय जल आयोग ने इस प्रणाली का और निरीक्षण करने के आधार पर दिनांक 31.5.2007 को आदेश दिया कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा पूरे 125 क्यूसेक जल की आपूर्ति की जाएगी और पंजाब तथा हरियाणा सरकार अपनी-अपनी नहरों से इस अतिरिक्त जल को ले जाने की व्यवस्था करेगी । जबकि दिनांक 7.6.2007 को अतिरिक्त पानी छोड़ा गया और पंजाब द्वारा इसे हरियाणा राज्य तक ले जाया गया , लेकिन हरियाणा राज्य इस जल को आगे ले जाने के लिए सहमत नहीं हुआ और तभी से इस अतिरिक्त जलापूर्ति का उपयोग करना शुरु कर दिया ।

केन्द्रीय जल आयोग द्वारा दिनांक 3.8.2007 को एक बैठक की गई और हरियाणा राज्य को निदेश दिया गया कि वह नांगलोई जल शोधन संयंत्र के लिए निर्धारित अतिरिक्त जल दिल्ली तक पहुँचा कर आदेशों का पालन करे । हरियाणा राज्य ने निदेशों का पालन करने से मना कर दिया है । दिल्ली जल बोर्ड ने यह बताया है कि उसने उच्चतम नयायालय में अवमानना याचिका दायर कर दी है ।

****

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न 81

23 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

राष्ट्रमंडल खेलों के लिए होटल में ठहरने की जगह

***81. श्री रामदास अग्रवालः**

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) " राष्ट्रमंडल खेल-2010" के आयोजन को देखते हुए दिल्ली में, 50,000 स्वीकृत कमरों की कथित मांग की तुलना में सितारा और बजट दोनों श्रेणियों के होटलों में स्वीकृत कमरों की उपलब्धता के संबंध में वास्तविक स्थिति क्या है;

(ख) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण ने उनके मंत्रालय को शहर में विद्यमान तथा निर्माणाधीन सभी होटलों के फर्शी क्षेत्रफल अनुपात (एफ.ए.आर.) में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव भेजा है;

(ग) यदि हां, तो क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण के उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस. जयपाल रेड्डी)

(क) से (घ):- एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

विवरण

" राष्ट्रमंडल खेलों के लिए होटल में ठहरने की जगह" के बारे में 23-10-2008 के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं0 81 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

***

(क) वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सभी श्रेणी के अनुमोदित / वर्गीकृत होटलों में लगभग 11000 कमरे हैं । पर्यटन मंत्रालय ने दिल्ली में 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सभी श्रेणियों के होटलों के तहत अतिरिक्त लगभग 30,000 कमरों की आवश्यकता का अनुमान लगाया है । इसके अतिरिक्त , 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए होटल में कमरों की संख्या बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नई होटल परियोजनाएं कार्यान्वियनधीन हैं । पर्यटन मंत्रालय ने यह सूचित किया है कि इस प्रयोजन के लिए गठित कार्यबल ने आकलन किया है कि 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 14264 कमरों की व्यवस्था की जा रही है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में आरंभ की गई बैड एंड ब्रेकफास्ट स्कीम के अंतर्गत तथा गैस्ट हाऊस मानकों को उदार बनाये जाने के कारण यह अपेक्षा है कि इससे अतिरिक्त कमरें उपलब्ध होंगे । हाल ही में दिल्ली मास्टर प्लान 2021 में होटलों के लिए विकास नियंत्रण मानकों को उदार बनाने हेतु संशोधन किये जाने से अतिरिक्त कमरों के निर्माण की सुविधा मिलने की भी आशा है ।

(ख) से (घ):- डीडीए से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर , सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में होटलों में विकास नियंत्रण मानकों में संशोधन करते हुए दिनांक 12-8-2008 को अधिसूचना जारी की है ।

--

मूल हिन्दी

भारत सरकार
शहरी विकास मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न 84
23 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

शहरों में यातायात की स्थिति

***84. डा0 मुरली मनोहर जोशी :**
श्री राज मोहिन्दर सिंह मजीठा :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में बसों, स्कूटरों, मोटर साइकिलों व कारों के बढ़ते उत्पादन और इनके उपयोग के कारण बड़े शहरों में ही नहीं वरन् छोटे शहरों में भी यातायात की स्थिति कठिन हो गई है;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार इस समस्या के समाधान हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कोई कार्य-योजना बनाएगी;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इस समस्या के समाधान हेतु इसे जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरणीय मिशन(जे.एन.एन.यू.आर.एम) के अन्तर्गत शामिल नहीं किए जाने के क्या कारण हैं ?

उत्तर
शहरी विकास मंत्री
(श्री एस. जयपाल रेड्डी)

(क) से (ड.):- एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है 1

--

विवरण

शहरों में यातायात की स्थिति के संबंध में 23-10-2008 के लिए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं0 84 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

***

(क) : जी हां ।

(ख) से (घ):- शहरी परिवहन मुख्यतः राज्य का विषय है । इसलिए सड़कों पर मोटर वाहनों की संख्या में वृद्धि के कारण होने वाली समस्याओं से निपटने की जिम्मेदारी मुख्यतः संबंधित राज्य सरकार की है । तथापि, तेजी से बढ़ती शहरी परिवहन की समस्या की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार ने अप्रैल,2006 में राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति(एनयूटीपी) तैयार की है । इसका उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ एकीकृत भू-उपयोग और परिवहन आयोजना, सार्वजनिक परिवहन और परिवहन के मोटर-रहित साधनों के ज्यादा उपयोग, सुव्यस्थित परिवहन प्रणाली को प्रोत्साहित करना है । इसमें, सार्वजनिक परिवहन, मोटर रहित परिवहन और सुव्यस्थित परिवहन प्रणालियों आदि में निवेश प्राथमिकताओं वाली शहरी परिवहन निवेशों हेतु केन्द्रीय सहायता लेने के लिए दिशानिर्देश दिए गए हैं ।

(ड.) शहरी परिवहन परियोजनाओं के लिए सहायता को जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) और अन्य स्कीमों में स्पष्ट रुप से शामिल किया गया है ।जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) के अन्तर्गत अनुमत्य घटकों में सड़कों,राजमार्गों/फ्लाईओवरों / द्रुतजन परिवहन प्रणाली/ मैट्रो परियोजनाओं सहित शहरी परिवहन परियोजनाएं शामिल हैं । सार्वजनिक परिवहन और परिवहन के मोटर रहित साधनों के ज्यादा उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए अहमदाबाद, राजकोट, सूरत, इंदौर, भोपाल, पुणे,पिंपरी चिंचवाड, विजयवाड़ा,विशाखापट्टनम और जयपुर में अन्य शहरी परिवहन परियोजनाओं के अलावा जेएनएनयूआरएम के अन्तर्गत द्रुत बस परिवहन प्रणाली(बीआरटीएस) परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं । भारत सरकार दिल्ली मेट्रो के लिए भी सहायता मुहैया करा रही है । इसी आधार पर कोलकाता , बंगलौर और चैन्ने मेट्रो के लिए सहायता मुहैया करायी जायेगी अथवा किये जाने का प्रस्ताव है । हैदराबाद और मुम्बई मेट्रो के लिए वायविलिटी गैप फंडिंग(वीजीएफ) के रुप में सहायता मुहैया करायी जा रही है अथवा किये जाने का प्रस्ताव है ।

--

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न 756

23 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

आन्ध्र प्रदेश में जेएनएनयूआरएम परियोजनाएं

756. श्रीमती टी. रत्नाबाई :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा प्रत्येक राज्य, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में गत चार वर्षों के दौरान जे एन एन यू आर एम के अन्तर्गत योजनाओं हेतु कितनी राशि जारी की गई है;

(ख) प्रत्येक परियोजना के अन्तर्गत विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में वर्ष-वार प्रयुक्त की गई राशि क्या है; और

(ग) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आन्ध्र प्रदेश में विशेषकर पूर्व और पश्चिमी गोदावरी तथा विशाखापट्टनम में अभिज्ञात भावी कार्यक्रम क्या है ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) जेएनएनयूआरएम के अवस्थापना एवं शासन घटक के अन्तर्गत स्कीमों के लिए वर्ष 2005-06 से अब तक जो धनराशि जारी की गई है उसकी सूची अनुलग्नक-। के रुप में संलग्न है ।

(ख) तथा(ग):- सूचना आंध्र प्रदेश सरकार से एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

--

23.10.2008 को राज्य सभा के अतरांकित प्रश्न सं0 756 के भाग (क) के उत्तर में उल्लखिति अनुलग्नक

***

राज्य का नाम	जारी धनराशि(रु0 लाख में)				
	2005-06	**2006-07**	**2007-08**	**2008-09**	**योग**
आन्ध्र प्रदेश	4472.50	4710.83	48916.54	490.93	58590.80
अरुणचल प्रदेश	0.00	0.00	2006.94		2006.94
असम	0.00	0.00	791.26	6321.15	7112.41
बिहार	0.00	0.00	461.93		461.93
छत्तीसगढ़	0.00	4800.00	1272.80		6072.80
गोवा	0.00	0.00			0.00
गुजरात	1844.00	15576.20	24563.54	10541.48	52525.22
हरियाणा	0.00	1297.88	1339.84	1297.88	3935.60
हिमाचल प्रदेश	0.00	522.61			522.61
जम्मू तथा कश्मीर	0.00	2359.35	6877.36		9236.71
झारखंड	0.00	0.00			0.00
कर्नाटक	0.00	10167.19	18955.86		29123.05
केरल	0.00	4405.00	6319.93	491.20	11216.13
मध्य प्रदेश	474.29	11107.42	7914.35	1527.62	21023.68
महाराष्ट्र	2219.79	41358.21	56827.52	16074.29	116479.81
मणिपुर	0.00	0.00	580.66		580.66
मेघालय	0.00	0.00			0.00
मिजारम	0.00	0.00	378.41		378.41
नागालैंड	0.00	0.00	179.00		170.00
उड़ीसा	0.00	120.26	9978.27		10098.53
पंजाब	0.00	2241.75	4145.29	4939.22	11326.26
राजस्थान	0.00	4146.93	10654.03	10075.41	24876.37
सिक्किम	0.00	0.00	538.20		538.20
तमिलनाडु	0.00	12913.28	16093.02	1808.90	30815.20
त्रिपुरा	0.00	0.00			0.00
उत्तर प्रदेश	0.00	1860.47	21365.55		23226.02
उत्तराखंड	0.00	0.00	1523.85	492.00	2015.85
प0 बंगाल	0.00	8708.45	5687.25	5534.57	19930.27
दिल्ली	0.00	0.00			0.00
पांडीचेरी	0.00	0.00	4068.00		4068.00
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0.00	0.00			0.00
चंडीगढ़	0.00	0.00	1544.92		1544.92
दादर एवं नागर हवेली	0.00	0.00			0.00

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न 757

23 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

757. श्रीमती जया बच्चन :

क्या शहरी विकास *मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:*

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की अवधारणा अब तक वास्तविकता में परिवर्तित नहीं हो पाई है;

(ख) यदि नहीं, तो अब तक परिवहन , कानून और व्यवस्था, जल साझेदारी आदि जैसे क्षेत्रों में समस्याओं का सामना करने के प्रति एक समन्वित और सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण न अपनाने का क्या कारण है; और

(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहरों का परिवहन, मेट्रो संचालनों तथा परिवहन के निजी साधनों द्वारा आपस में न जुड़े होने के कारण यात्रियों की परेशानियां बढ़ी हैं, के क्या कारण हैं ?

<u>उत्तर</u>

<u>शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री</u>

<u>(श्री अजय माकन)</u>

(क) तथा (ख):- जी, नहीं । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड अधिनियम,1985 के द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड का सृजन हुआ ताकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय योजना तैयार, समन्वित और उसके कार्यान्वयन की निगरानी की जा सके । बोर्ड ने आयोजना संबंधी अनेक कार्य शुरु किए हैं और क्षेत्र के नियोजित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की क्षेत्रीय योजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिवहन, बिजली,पानी, सीवरेज,कचरा प्रबंधन, आपराधिक गतिविधियों के नियंत्रण और निगरानी के लिए सांस्थानिक तंत्र , पुलिस आधुनिकीकरण जैसे विषयों से संबंधित होती है ।

(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी नगर सड़क और रेल नेटवर्क के जरिए अच्छी परिवहन व्यवस्था से जुड़े हैं । वर्तमान में दिल्ली से पांच राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निकलते हैं अर्थात एनएच-।, एनएच-2,एनएच-8,एनएच-10 और एनएच-24 इन पांच के अलावा अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग अर्थात एनएच-91, एनएच 58, एनएच 71, एनएच 71ए और एनएच 71 बी भी सड़क तंत्र को मजबूत करते हैं । दिल्ली के चारों तरफ परिधीय एक्सप्रैस-वे कार्यान्वयनाधीन है । स्टेट हाईवे भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सभी तरफ फैले हैं जैसे कि एसएच-10(गोहाना-जीन्द), एसएच -11(मुजफ्फरनगर-पानीपत-जीन्द), एसएच -13 (अलवर-जयपुर), एसएच -14(अलवर-मथुरा) एसएच -16(रोहतक-भिवाड़ी), एसएच -18 (बुलंदशहर-मुरादाबाद) एसएच -20(झज्जर-चरखी दादरी), एसएच -22(झज्जर-महेन्द्रगढ़), एसएच -24 (रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़), एसएच -25(अलवर - नारनौल), एसएच -39(अनूपशहर-अलीगढ़), एसएच -47(मेरठ-बिजनौर), एसएच -57(बागपत-शामली)। उपर्युक्त के अतिरिक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जिला सडकों से अच्छी तरह जुडा है । यह भी निर्णय लिया गया है कि दिल्ली मेट्रो रेल का विस्तार अन्य नगरों अर्थात नोएडा और गुड़गांव तक किया जाए ।

--

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न 758

23 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

भवनों में शीशे का प्रयोग

758. श्री कमान अख्तर :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश भर में भवनों में, विशेषकर शापिंग मॉल , व्यावसायिक केन्द्रों, जिला केन्द्रों, हवाई अड्डों, होटलों, होस्टल आदि में शीशे के चमत्कारिक रुप से बढ़ते प्रयोग और मानव दुर्घटना की बढ़ती संख्या के मद्देनजर मानव सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने संबंधी उपाय किए हैं ;

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या प्रमुख निर्माण एजेंसियों जैसे केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, आदि द्वारा अनुसरण किए जाने अथवा इनके संदर्भ के लिए कोई दिशा-निर्देश उपलब्ध हैं ताकि भवनों में संवेदनशील जगहों पर उपयुक्त तरह के शीशे का प्रयोग कर मानव सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) से (घ):- भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तैयार राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता 2005 में भवनों की संरचनात्मक पूर्णता, अग्नि सुरक्षा तथा उनकी के दशा संबंधी पहलुओं के संबंध में लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट न्यूनतम प्रावधानों का एक सेट दिया गया है ।भारतीय मानक ब्यूरो ने भवनों में शीशे के प्रयोग के संबंध में, पारंपरिक भवन निर्माण के लिए दो मानक प्रकाशित किए हैं , यथा (i) भवनों में ग्लेजिंग के लिए प्रक्रिया संहिता(आईएस 3548:1988) तथा (ii) पेटेंट ग्लेजिंग के लिए प्रक्रिया संहिता(आईएस 10439:1983)लेकिन इनमें विशेष रुप से सुरक्षा संबंधी मामलों को शामिल नहीं किया गया है ।

भारतीय मानक ब्यूरो, रसायन विभाग ने आई एस 2553(पार्ट-I): 1990 ' सेफ्टी ग्लास- विनिर्देशन: पार्ट-1 वास्तुकीय, भवन निर्माण तथा रेलवे उपयोग (तीसरा संशोधन) प्रकाशित किया है, जिसमें टफन्ड ग्लास तथा लेमिनेटेड सुरक्षा ग्लास का अपेक्षित परिमाप और मोटाई निर्धारित की गई है । इस मानक में विखण्डन जांच, वार्प, आघात प्रतिरोधी जांच, लाइट स्टेबिलिटी जांच, बॉयल जांच, फ्रेक्चर और अॅड्हसन जांच भी निर्धारित की गई है ।

-2-

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानक/संहिताएं अनिवार्य प्रकृति की नहीं हैं । भवनों के निर्माण में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा यथा निर्धारित सामग्रियों के उपयोग के लिए प्रावधानों / विनिर्देशों को राज्य सरकारों के शहरी स्थानीय निकायों द्वारा अपने भवन उप-नियमों में संशोधन करके अपनाया जा सकता है ।

जहां तक केलोनिवि का संबंध है, केलोनिवि के विनिर्देशनों तथा मानकों के अनुसार विनिर्दिष्ट मोटाई का शीशा प्रयोग में लाकर कार्यालय भवनों / क्वार्टरों में शीशों का प्रयोग करते समय मानव सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी सावधानियां बरती जा रही है ।के.लो.नि.वि. के प्लिंथ एरिया दरों में भवनों की संरचनात्मक ग्लेजिंग का प्रावधान शामिल कर लिया गया है । फ्रेम वर्क की समुचित डिजाइन के बाद की संरचनात्मक ग्जेजिंग मुहैया करायी गयी है ।

--

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न 759

23 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

बंगलौर में बुनियादी ढांचे का विकास

759. श्री राजीव चन्द्रशेखर :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्णाटक राज्य सरकार ने हाल ही में एक ज्ञापन में केन्द्रीय सरकार से यह अनुरोध किया है कि विभिन्न योजनाओं के तहत बंगलौर शहर में बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष पैकेज दिया जाए ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उस पर कार्रवाई की गई है ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) से (ग):- जी हां । कर्नाटक राज्य सरकार ने हाल ही में एक ज्ञापन में केन्द्र सरकार से बैंगलौर में बुनियादी ढांचे से सम्बन्धित आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 8500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज देने का अनुरोध किया है । शेष 8500 करोड़ रुपए की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी । योजना आयोग द्वारा कर्नाटक राज्य के लिए वर्ष 2005-2012 की अवधि हेतु किया गया सांकेतिक आबंटन 1374.59 करोड़ रुपए है । दिनांक 30-09.2008 की स्थिति के अनुसार भारत सरकार ने 1267.26 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता(एसीए) देने का वचन दिया है । इस मंत्रालय ने जे-एन.एन.यू.आर.एम. के तहत समग्र आबंटन में वृद्धि करने का मामला योजना आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है । इसके अलावा, भारत सरकार ने शहरों की क्रेडिट रेटिंग की है ताकि शहरों को बाजार से निधियां मिल सकें और उनके वित्तीय संसाधनों में वृद्धि हो सके ।

--

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न 760

23 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

सीपीडब्ल्यूडी के घटिया गुणवत्ता वाले कार्य

760. श्री एम.ए.एम. रामास्वामी :

क्या शहरी विकास *मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:*

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग(सीपीडब्ल्यूडी) के पूछ-ताछ कार्यालयों में, और विशेषकर सरोजनीनगर के '' जी आई ब्लाक'' में लिखित शिकायतों का सही तरीके से रख-रखाव नहीं किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो जिम्मेवार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या ठेकेदारों द्वारा कार्य में काफी घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने के संबंध में इस पूछ-ताछ कार्यालय में काफी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) ऐसे मामलों की संख्या क्या है जिमें इस पूछ-ताछ कार्यालय के सी0पी0डब्ल्यू0डी0 के इंजीनियरों ने मौके पर मामले की जांच की है;

(च) यदि हां, तो क्या कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग संबंधी कोई मामला प्रकाश में आया है; और

(छ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) से (छ):- सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

--

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न 115

24 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

बीआरटी सिस्टम

***115. श्री सुखरम सुधाकर रेड्डी :**
श्री सी.के. चन्द्रप्पन :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन(जेएनएनयूआरएम) के अंतर्गत बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम(बीआरटीएस) हेतु स्वीकृत की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने अन्य राज्यों में इन परियोजनाओं को स्वीकृति देते समय दिल्ली में बीआरटीएस के कार्यान्वयन में आ रही कठिनाइयों को ध्यान में रखा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बीआरटी परियोजनाओं को स्वीकृति देते समय पदयात्रियों की सुरक्षा पर समुचित ध्यान दिया गया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्री

(श्री एस. जयपाल रेड्डी)

(क) से (ड.):- एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

--

विवरण

बीआरटी सिस्टम के बारे में दिनांक 24-10-2008 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं0 115 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

***

(क) जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन(जेएनएनयूआरएम) के शहरी अवस्थापना एंव शासन(यूआईजी) घटक के अन्तर्गत वित्तपोषण के लिए सरकार द्वारा, विभिन्न राज्यों से प्राप्त 408458.70 लाख रु0 की अनुमोदित लागत तथा 189508.05 लाख रु0 की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता वाली 16 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं । इस संबंध में ब्यौरे अनुलग्न-। में हैं ।

(ख) से (ड.):- बस रेपिड़ ट्रांजिट सिस्टम भारत में पहली बार लगाया जा रहा है जबकि में यह पिछले 30 वर्षों से भी अधिक समय से स्थापित प्रणाली है । इस प्रकार किसी भी शहर में प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखा जा रहा है और नियमित कार्यशालाएं आयोजित करके अन्य शहरों को इस अनुभव से अवगत किया जा रहा है । शहरों को अपनी बीआरटीएस परियोजनाओं की विस्तृत डिजाइनों में इन सभी अनुभवों को पर्याप्त रुप से सम्मिलित करने का परामर्श दिया गया है । पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी बीआरटीएस परियोजना कारीडोरों में परियोजना के भाग के रुप में अनन्य रुप से पृथक मार्ग शामिल किया गया है । इसके समानान्तर पैदल यात्रियों के लिए क्रासिंग भी यातायात सिग्नलों के जरिए नियंत्रित और संरक्षित किए जाते हैं ।

--

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न 1151

24 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

मेट्रो रेल में सिस्मिक मीटर

1151.श्री ई0जी0सुगावनम :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली मेट्रो रेल न्गिम(डीएमआरसी) का भूकम्प आने की स्थिति में अलार्म बजाने के लिए सिस्मिक मीटरों को लगाने का प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन्हें लगाने के लिए किन स्थानों की पहचान की गई है ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) जी, हां ।

(ख) दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) लिमिटेड ने यह सूचना दी है कि दो स्थानों नामतः विधान सभा और पटेल चौक पर पहले से ही सिस्मिक मीटर लगाये गए हैं ।

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न 1172

24 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

शहरी स्थानीय निकाय

1172.श्री गिरधारी लाल भार्गव :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों(यूएलबी)के परियोजना कार्यान्वयन के संबंध में वित्तीय निष्पादन और क्षमताओं का आकलन करने का कार्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों को सौंपा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या शहरी स्थानीय निकाय यूएलबी अब विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसे ऋणदाता संस्थाओं से सीधे तौर पर निधियों को प्राप्त करने के पात्र होंगे ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) चार क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों नामतः इण्डियन क्रेडिट रेटिंग एजेंसी लि0(आईसीआरए), एफआईटीसीएच रेटिंग इण्डिया लि0 , क्रेडिट एनलिसिस एण्ड रिसर्च लि0(सीएआरआई) तथा सीआरईएसआईएल लि0 को जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन(जेएनएनयूआरएम) के तहत 69 शहरी स्थानीय निकायों की क्रेडिट रेटिंग के मूल्यांकन का कार्य सौंपा गया है । नगरों की क्रेडिट रेटिंग करने से उन्हें विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से तथा म्यूनिसिपल बांड मार्केट से अन्य अपेक्षित मानदण्ड पूरा करने पर निधियां प्राप्त करने में आसानी होगी ।

(ख) और(ग):- शहरी स्थानीय निकाय(यूएलबी) विश्व बैंक तथा एशिया विकास बैंक जैसी बहुपक्षीय ऋण अदायगी संस्थाओं से सीधे ऋण नहीं ले सकते है । तथापि यूएलबी संबंधित राज्य सरकार की अनुमति से इन संस्थाओं से ऋण ले सकते है । राज्य सरकारों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 293(3) के प्रावधानों के अनुसार भारत सरकार से इस संबंध में पूर्व अनुमति लेनी होगी ।

--

भारत सरकार

शहरी विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न 1177

24 अक्तूबर,2008 को उत्तर के लिए

शहरी अवसंरचना के लिए जेबीआईसी सहायता

1177.श्री भर्तृहरि महताब :

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोआपरेशन(जेबीआईसी) देश में शहरी अवसंरचना के विकास के लिए धनराशि उपलब्ध कराता रहा है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान जेबीआईसी द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में अभी तक कितनी प्रगति हुई है ?

उत्तर

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री अजय माकन)

(क) जी, हां ।

(ख) तथा(ग):- पिछले तीन वर्षों के दौरान जेबीआईसी द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं का राज्यवार ब्यौरा संलग्न है 1 दिल्ली मैट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड फेज-। परियोजना पूर्ण कर ली गई है और शेष परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है ।

अनुलग्नक

क्र.सं.	राज्य	परियोजना
1	दिल्ली	(i)दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0 फेज-।
		(ii)दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन लि0 फेज-।।
		(iii)दिल्ली मास रैपिड ट्रांस्पोर्ट सिस्टम परियोजना,फेज-2(iii)
2	कर्नाटक	(i)बंगलौर मैट्रो रेल लि0
		(ii)बंगलौर जल आपूर्ति एवं सीवरेज परियोजना
		(iii) बंगलौर जल आपूर्ति एवं सीवरेज परियोजना-।।
